# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार,**

सरकार ने वर्ष दो हजार पैंतिस तक भारत अंतरिक्ष स्टेशन नाम से अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बनाई है और अगर सब कुछ सही रहा तो वर्ष दो हजार चालीस तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह जानकारी दी।

***चंद्रयान एक पहला ऐसा हमारा मिशन रहेगा जो दो लॉन्च व्हीकल से छोड़ा जाएगा उसके पांच कंपोनेंट रहेंगे। तीन एक तरफ, दो एक तरफ और डॉकिंग–अन डॉकिंग जिसकी थोड़ा बहुत अनुभव स्पेडेक्स से भी हुआ है, उसको बार बार करके और अधिक अनुभव और क्षमता हासिल करने का प्रयास रहेगा।***

श्री सिंह ने कहा कि इस साल के अंत तक एक महिला रोबोट के साथ गगनयान की परीक्षण उड़ान शुरू की जाएगी।

**********

भारतीय मूल की अंतरिक्ष वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स और उनके साथी के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से आज सुबह सुरक्षित वापसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पेसएक्स, नासा और उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा है कि अंतरिक्ष यात्रियों ने अपनी दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि मानवीय भावना, साहस और प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पूरी दुनिया ने सुनीता विलियम्स को टेलीविजन के माध्यम से अपनी आंखों से देखा है।

**अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम उन्होंने किया है। मैं उत्तर प्रदेश वासियों की तरफ से उनको बहुत बहुत बधाइर्या और शुभकामनाएं देता हूं। भारत की बेटी का जो परचम है पूरी दुनिया ने देखा, किस ढंग से भारत की बेटियां हर क्षेत्र में काम कर रही हैं।**

उधर, अयोध्या में सुनीता विलियम्स के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर विधि विधान से हवन कर मंगल कामना की गई।

**********

आईएसआई के लिये जासूसी के आरोप में यूपी एटीएस ने आज कानपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार आरोपी कर्मचारी फिरोजाबाद आर्डिनेंस फैक्ट्री से बीते दिनों गिरफ्तार किए गए रविंद्र कुमार के संपर्क में था। आरोपी कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में प्रतिदिन होने वाले उत्पादन, अटेंडेंस, वहां उपलब्ध मशीनों के विवरण समेत कई अहम जानकारी पाकिस्तान में बैठी हैंडलर नेहा शर्मा को दे रहा था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। श्री योगी ने विभागों के उच्चाधिकारियों से कहा कि सिर्फ तीन श्रेणियों ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत और लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर भी जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल से दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर स्थित देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे। इस अवसर पर श्री योगी 30 मार्च से शुरू हो रहे देवीपाटन मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मां पाटेश्वरी का दर्शन–पूजन भी करेंगे। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन वह अयोध्या के लिए रवाना हो जाएंगे।

**********

यूपी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन आज से प्रदेश के 261 केंद्रों पर शुरू हो गया। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर वॉयस रिकॉर्डर के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों की सजीव निगरानी की जा रही है। 15 दिनों तक लगभग 3 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन किया जायेगा।

**********

नगर पालिका क्षेत्र कुशीनगर में छह करोड़ इकतीस लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा एवं विभिन्न विकास कार्य होंगे। कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक के प्रस्ताव पर शासन ने धनराशि को मंजूरी दे दी है। विधायक ने बताया कि शासन द्वारा प्रथम किस्त के तौर पर करीब ढाई करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वन्दन योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र में खरदर माता स्थान का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज और आगामी तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर वर्षा एवं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस अवधि में विभाग द्वारा कहीं कहीं गरज के साथ साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

**********